## प्रवेश-पत्र पर अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. अभ्यर्थी के आवेदन पत्र में सूचित अर्हता/पात्रता की जांच आयोग द्वारा नहीं की गई है । इस परीक्षा में अभ्यर्थी को औपबन्धिक रूप से प्रवेश दिया जा रहा है । अतः विज्ञापन में अर्हता/पात्रता को पढ़ कर अभ्यर्थी स्वयं सुनिश्चित हो लें और पूर्णतया पात्र होने की दशा में ही परीक्षा में सम्मिलित हों । आयोग द्वारा जांच करने पर यदि किसी भी स्तर पर (टंकण परीक्षा के बाद भी) अभ्यर्थी अनर्ह/अपात्र पाये जाएगें तो उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा ।

2. टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के पूर्व अभ्यर्थियों की तलाशी ली जाएगी । अतः परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चित हो लें कि उनके पास किसी भी प्रकार की प्रतिबन्धित सामग्री नहीं है । परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों के बैग इत्यादि अन्य सामान रखे जाने हेतु निःशुल्क क्लॉक रूम/बैगेज काउन्टर की व्यवस्था की जाएगी ।

3. अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे टंकण परीक्षा हेतु आवंटित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व पाली के अनुसार प्रवेश पत्र पर अंकित रिपोर्टिंग टाइम पर पहुंचे । एंट्री क्लोजिंग टाइम के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी ।

4. टंकण परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा कक्ष में उनकी फोटो तथा आइरिस कैप्चर करते हुए उसका सत्यापन/मिलान परीक्षा के पूर्व के चरण (लिखित परीक्षा) तथा आयोग के पास उपलब्ध अभ्यर्थी के अन्य डाटा से किया जाएगा । इस प्रकार बायोमैट्रिक सत्यापन में अभ्यर्थी के सही पाये जाने पर ही उसे टंकण परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की जाएगी । बायोमैट्रिक सत्यापन में असफल होने अथवा यह पाये जाने पर कि टंकण परीक्षा हेतु उपस्थित व्यक्ति, लिखित परीक्षा देने वाले व्यक्ति/अभ्यर्थी से भिन्न है तो सम्बन्धित के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी व अभ्यर्थी को प्रश्नगत परीक्षा व आयोग की अन्य परीक्षाओं से प्रतिवारित (Debar) कर दिया जाएगा ।

5. आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र को परीक्षा के लिए साथ में अवश्य लायें अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने से रोका जा सकता है । प्रत्येक अभ्यर्थी को पहचान हेतु परीक्षा केंद्र पर अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य है । पहचान पत्र के साथ अभ्यर्थी अपनी नवीनतम पासपोर्ट साइज की दो फोटो जिसके पीछे अभ्यर्थी का नाम, रोल नंबर व परीक्षा तिथि लिखा हो, लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है । अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र, पहचान पत्र व उसकी एक फोटो कॉपी, दो पास पोर्ट साइज फोटो तथा काला/नीला बाल प्वाइंट पेन के साथ ही प्रवेश करने की अनुमति प्रदान की जाएगी । इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी सामग्री अनुमन्य नहीं होगी ।

6. अभ्यर्थी किसी भी तरह का मोबाइल फोन, टैब, पैन ड्राइव, हार्ड डिस्क, डेटा कार्ड, कैलकुलेटर, की-बोर्ड, माउस व अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को परीक्षा कक्ष के भीतर नहीं ले जा सकेंगे । अभ्यर्थियों के बैग इत्यादि को परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार

पर स्थित क्लॉक रूम/बैगेज काउन्टर पर जमा करा लिये जाएंगे तथा परीक्षा समाप्ति के पश्चात ही अभ्यर्थी केन्द्र अधीक्षक के निर्देशानुसार परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करते हुए अपनी व्यक्तिगत सामग्री/बैग इत्यादि निर्धारित क्लॉक रूम/बैगेज काउन्टर से प्राप्त कर परीक्षा केन्द्र से बाहर जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी ।

7. अभ्यर्थी को अपने प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा तिथि व पाली के अतिरिक्त अन्य कोई तिथि व समय पर टंकण परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, परन्तु अपरिहार्य कारणवश यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा टंकण परीक्षा हेतु अन्य तिथि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन (साक्ष्य सहित) दिनांक 29.12.2024 की सांय 05.00 बजे तक आयोग को उपलब्ध कराया जाता है तो आयोग द्वारा प्रत्यावेदन पर विचार करने के उपरांत अभ्यर्थी को आरक्षित तिथि (दिनांक 30.12.2024) प्रदान की जा सकती है परन्तु इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा । आयोग द्वारा टंकण परीक्षा हेतु दिनांक 30.12.2024 को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश बन्द होने (मध्याह्न 12.00 बजे) के पश्चात अन्य कोई आरक्षित तिथि व समय दिये जाने पर विचार नहीं किया जाएगा ।

8. टंकण परीक्षा एक अर्हकारी परीक्षा है जिसे उत्तीर्ण करने हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी को अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट व हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त करना अनिवार्य है । अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये सॉफ्टवेयर पर आयोजित की जाएगी । अभ्यर्थी को हिन्दी की टंकण परीक्षा मंगल फॉण्ट (Inscript) अथवा कृति देव-010 फॉण्ट पर ही देना होगा । टंकण परीक्षा हेतु इसके अतिरिक्त अन्य कोई फॉण्ट स्वीकार्य नहीं है ।

9. अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् अपने की-बोर्ड एवं माउस का परीक्षण कर सुनिश्चित हो लें कि की-बोर्ड व माउस पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं । परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई से कक्ष निरीक्षक को सूचित नहीं करने की दशा में, परीक्षा पूर्ण हो जाने के उपरान्त इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की शिकायत ग्राह्य नहीं होगी ।

10. परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व कक्ष अन्तरीक्षक द्वारा बताये गये तथा सॉफ्टवेयर में दिये गए निर्देशों का अभ्यर्थी भली-भांति अध्ययन करते हुए उसका अनुपालन करें ।

11. हिन्दी व अंग्रेजी टंकण परीक्षा के लिये 05-05 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा ।

12. अभ्यर्थी टंकण परीक्षा के समय Back Space Key का प्रयोग वर्तमान शब्द एवं उससे पहले 01 शब्द को संशोधित करने हेतु प्रयुक्त कर सकता है अर्थात कुल 02 शब्दों तक संशोधन कर सकता है ।

13. टंकण (हिन्दी/अंग्रेजी) गति की गणना के लिये 05 अशुद्धियों की छूट प्रदान की जायेगी । यदि अशुद्धियाँ 05 अथवा 05 से कम हैं तो कुल टंकित किये गये शब्दों पर ही टंकण गति की गणना की जायेगी । यदि अशुद्धियाँ 05 से ज्यादा हैं तो उस स्थिति

में प्रथम 05 अशुद्धियों की छूट प्रदान करने के उपरान्त प्रति अशुद्धि 05 शुद्ध शब्द की दर से दण्ड स्वरूप शब्द काट लिये जायेंगे तथा शेष बचे शुद्ध शब्दों (छूट प्रदत्त 05 अशुद्धियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार टंकण गति की गणना की जायेगी।

14. टंकण परीक्षा में अशुद्धियों को दो प्रकार में विभाजित किया गया है -

A. पूर्ण अशुद्धियाँ (Full Mistakes) एवं

B.अर्द्ध-अशुद्धियाँ (Half Mistakes), जिसका विवरण निम्नवत्त है –

A. Full Mistakes: The following errors are treated as full mistakes: -

i. For every omission of a word/figure.

ii. For every substitution of a wrong word/figure, except transposition of words.

iii. For every addition of a word/figure not found in the passage.

iv. For every spelling error committed by way of repetition, or addition, or omission, or substitution of a letter/letters,
e.g. the word 'spelling' typed as seeplings; sepling; speling; seepling; spelling; etc.

v. For repetition of word/figure, e.g. 'I shall shall be grateful ...............'

vi. Incomplete words (half typed words will be treated as mistake).

B. Half Mistakes: - The following errors are treated as half mistakes: -

i. Spacing Errors: Where no space is provided between two words, e.g. 'Ihope', or undesired space is provided
between the words or letters of a word e.g. 'I have', 'I h ave' (space left between a word).

ii. Wrong Capitalisation: Wrong typing of a capital letter for small letter or vice-versa. (This does not apply in respect
of Hindi Typewriting scripts).

iii. Punctuation Errors: Where the punctuation mark is omitted or added or substituted by another.

iv. Transposition Errors: Where words are transposed, e.g. the words 'I hope' typed as 'hope I'.

v. Paragraphic Errors: Half mistake shall be treated for each irrational para, where the space given before starting of
any paragraph is not uniform, i.e paragraph given manual spaces; without pressing the Tab Key, will be treated half-
mistake.

Note- Any corrections made by pen or pencil will be treated as a Mistake.

15. अभ्यर्थी कम्प्यूटर पर परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर का उपयोग न करें। टंकण के दौरान Control (Ctrl) Key का उपयोग नहीं करें, अन्यथा इससे होने वाली किसी भी तकनीकी अथवा अन्य समस्या के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

16. यदि टंकण परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी द्वारा विषयवस्तु को रिफ्रेश/रीलोड किया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी को परीक्षा से तत्काल वंचित किया जाएगा।

17. अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि टंकण परीक्षा के दौरान उनके द्वारा की-बोर्ड पर टाइप की जा रही समस्त गतिविधियों का लॉग (Log) परीक्षा सॉफ्टवेयर में संरक्षित रहता है, अतः उनके द्वारा टंकण परीक्षा के दौरान की गई किसी भी अनधिकृत कार्यवाही की जांच में पुष्टि होने की स्थिति में उनका अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है।

18. अभ्यर्थी एक बार टंकण परीक्षा प्रारम्भ होने के बाद परीक्षा समय पूर्ण होने पर ही टंकण कार्य को विराम दें ताकि उनकी टंकण गति की गणना सही ढंग से आकलित की जा सके। एक बार परीक्षा प्रारम्भ हो जाने के उपरान्त परीक्षा अवधि के दौरान किसी प्रकार का अल्पविराम (Time out) अनुमन्य नहीं है।

19. टंकण परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट पर पृथक से यथा समय [Click Here To Print] जायेगा।

Back